>

Title:

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): अध्यक्ष जी, आपने मुझे सदन में पहली बार बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर में पेयजल व सिंचाई की उपलब्धता की ओर आकर्षित करना चाहूंगी । पानी की परेशानी दूर करने हेतु यमुना जल समझौता किया गया, जो गुड़गांव केनाल भरतपुर फीडर के माध्यम से भरतपुर जिले को मिलना था, लेकिन राजस्थान की सीमा पर उस समझौते के अनुसार पानी नहीं पहुंच पा रहा है । मैं जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि इस योजना के माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर में पानी उपलब्ध कराया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रंजीता कोली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।